nandgaon times jan-24-3.qxd 1/23/2026 11:57 PM Page 1

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

शनिवार, 24 जनवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 103, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## रायपुर साहित्य उत्सव 2026 का हुआ भव्य शुभारंभ

### राष्ट्र निर्माण की बुनियाद में साहित्य की सदैव रही है निर्णायक भूमिका : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन परिसर में आज रायपुर साहित्य उत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ. उद्घाटन समारोह राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. समारोह का आयोजन विनोद कुमार शुक्ल मंडप में किया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा की कुलपति डॉ. कुमुद शर्मा तथा सुप्रसिद्ध रंगकर्मी एवं अभिनेता मनोज जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय तथा छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

उद्घाटन अवसर पर अतिथियों के करकमलों से छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आधारित पुस्तिका, एक कॉफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ राज्य के साहित्यकार, जे. नंदकुमार द्वारा लिखित पुस्तक नेशनल सेल्फहुड इन साइंस, प्रो. अंशु जोशी की पुस्तक लाल दीवारें, सफेद झूठ तथा राजीव रंजन प्रसाद की पुस्तक तेरा राज नहीं आएगा रे का विमोचन किया गया. उप सभापति हरिवंश ने अपने संबोधन की शुरुआत छत्तीसगढ़ के महान साहित्यकार स्वर्गीय विनोद कुमार शुक्ल को नमन करते हुए की. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी साहित्य की एक समृद्ध और प्राचीन परंपरा रही है तथा इस प्रदेश ने अपनी स्थानीय संस्कृति को सदैव मजबूती से संजोकर रखा है. रायपुर साहित्य उत्सव के आयोजन में अत्यंत रचनात्मक दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है. उन्होंने कबीर के काशी से गहरे संबंधों का उल्लेख करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के कवर्धा से भी उनका विशेष जुड़ाव रहा है. उप सभापति हरिवंश ने कहा कि एक पुस्तक और एक लेखक भी दुनिया को बदलने की शक्ति रखते हैं. उन्होंने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि साहित्य समाज को दिशा देता है, आशा जगाता है, निराशा से उबारता है और जीवन जीने का साहस प्रदान करता है. उपसभापति हरिवंश ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और 2047 तक विकसित भारत का संकल्प हमारा राष्ट्रीय लक्ष्य है. उन्होंने कहा कि भारत आज स्टील, चावल उत्पादन और स्टार्टअप्स के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है. देश की आत्मनिर्भरता से दुनिया को नई दिशा मिली है और इस राष्ट्रीय शक्ति के पीछे साहित्य की सशक्त भूमिका रही है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है और इस पावन भूमि पर तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव का शुभारंभ होना हम सभी के लिए गर्व का विषय है. जिसमें प्रदेश और देश के विभिन्न राज्यों से आए 120 से अधिक ख्यातिप्राप्त साहित्यकार सहभागिता कर रहे हैं. आयोजन के दौरान कुल 42 सत्रों में समकालीन सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विषयों पर गहन विमर्श होगा. यह समय गणतंत्र के अमृतकाल और छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष का है, इसी भाव के अनुरूप इस उत्सव का आयोजन किया गया है. मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम की तुलना समुद्र मंथन से करते हुए कहा कि जिस प्रकार समुद्र मंथन में विष और अमृत दोनों निकले, उसी प्रकार स्वतंत्रता आंदोलन में हमारे सेनानियों ने विष रूपी कष्ट स्वयं सहकर आने वाली पीढ़ियों को आज़ादी का अमृत प्रदान किया. उन्होंने कहा कि हमारे अनेक स्वतंत्रता सेनानी लेखक, पत्रकार और वकील भी थे. माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा बिलासपुर जेल में रचित पुष्प की अभिलाषा जैसी रचनाओं ने देशवासियों को प्रेरित किया.

## भोथींपार खुर्द में सबसे छोटी मूर्तियों की लगाई प्रदर्शनी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थ ग्राम भोथीपार खुर्द शा.पु. माध्यमिक विद्यालय में सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन के दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियों की निशुल्क प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान उनके द्वारा बच्चों को चित्रकला का प्रशिक्षण और कला सामग्री का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि अंकुश देवांगन छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 36 वर्षों से हिंसा छोड़ो कला से नाता जोड़ो आंदोलन चला रहे हैं, ताकि बच्चे सृजनशील बनें और हिंसा के क्षेत्र में न जाएं। संयोजक सचिन निषाद के नेतृत्व में अंकुश देवांगन तथा प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी के पेंटिंग प्रदर्शित किए गए। प्रधानपाठक सुषमा मेश्राम ने इस विश्वस्तरीय कलाओं को उनके दूरस्थ ग्राम में प्रदर्शित करने के लिए कलाकार को धन्यवाद दिया है। अंकुश देवांगन ने अपने उद्बोधन में समस्त छात्र-छात्राओं से आव्हान किया है कि वे किसी न किसी कला में जरूर निपुण हों ताकि आज के तनाव भरे जीवन में सुकून के दो पल प्राप्त कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि आज संयुक्त राष्ट्रसंघ, शिक्षाविद तथा बड़े-बड़े वैज्ञानिक भी मानते हैं कि दुनिया के समस्त बच्चों को किसी ने किसी कला को जरूर सीखना चाहिए। अंकुश देवांगन ने मिनटों में बच्चों के हूबहू तस्वीर बनाकर सभा को चमत्कृत कर दिया। वे ललित कला अकादमी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेंबर बने हैं।

## सांसद ट्रॉफी ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और युवाओं में खेल भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित सांसद ट्रॉफी ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 24 जनवरी को होगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान नेता कैलाश शर्मा ने बताया कि उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता हीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्य गोपाल भुआर्य, बोधन साहू, मंडल अध्यक्ष हृदय देवांगन सहित कुमर्दा मंडल के सभी प्रमुख पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता गरिमामयी उपस्थिति होगी। श्री शर्मा ने कहा कि सांसद ट्रॉफी केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को नशामुक्त जीवन, अनुशासन और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करने का एक सशक्त अभियान है। यह आयोजन ग्रामीण अंचल की छुपी प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और उन्हें आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगा। प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह का माहौल है।

## ग्राम करमरी मे शहीदों के नाम गणतंत्र दिवस पर रक्तदान शिविर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत करमरी (विकासखंड छुरिया) में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर शहीदों को समर्पित विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ग्राम पंचायत करमरी के सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू के नेतृत्व में संपन्न होगा। सरपंच दीनदयाल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि देश की आज़ादी और अखंडता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों की स्मृति में यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना एवं समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि रक्त की आवश्यकता पड़ने पर मोबाइल नंबर 91653-12024 पर संपर्क कर जरूरतमंदों को सीधे रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। यह सेवा निरंतर मानवता की सेवा के भाव से संचालित की जाएगी।

## शिव सृजन और कल्याण का प्रतीक हैं : कुलबीर



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आशुतोष भगवान शंभू सदाशिव की कृपा से नया ढाबा वार्ड नं. 04 में महिला समूह व ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के छठवें दिन पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शिव महापुराण कथा का श्रवण करने पहुंचे। इस दौरान कथावाचक माता दुर्गेश्वरी पंडित को शॉल-श्रीफल भेंटकर शहरवासियों व ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि व कुशलकामना के लिए आशीर्वाद मांगा। तत्पश्चात आयोजित शिव महाआरती में शामिल हुए। इस दौरान श्री छाबड़ा ने महिला समूह की माताएं-बहनों व ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज आप लोगों द्वारा शिव महापुराण कथा का आयोजन कराया जा रहा है पुनित कार्य है इससे गांव की सुख-शांति और आने वाली पीढ़ी को ज्ञान और सकारात्मक संदेश मिलता है। शिव केवल संहारक नहीं, बल्कि सृजन और कल्याण का प्रतीक भी हैं। शिव महापुराण का श्रवण और पाठ मानसिक शांति प्रदान करता है और जीवन को सकारात्मक दिशा देता है।

यह ग्रंथ न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करता है, बल्कि जीवन में नैतिक मूल्यों और आत्मज्ञान का मार्ग भी दिखाता है। कथावाचक माता दुर्गेश्वरी द्वारा रोजाना भगवान शिव की महिमा, उनके अवतारों, ज्योतिर्लिंगों की उत्पत्ति तथा भक्ति और वैराग्य के मार्ग का विस्तार से वर्णन किया जा रहा है। कथा में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी मोहम्मद यहया, हेमा साहू, मणी साहू, प्रीति बंजारे, राधा बंजारे, मोमिन बंजारे, सुमित्रा साहू, तनूजा साहू, कविता बारले, चंद्रिका बारले, रानू टंडन, तोषी साहू, बबिता साहू, सुशीला साहू सहित बड़ी संख्या में ग्राम की माताएं-बहने बच्चें व बुजुर्ग पूरी तन्मयता से कथा का श्रवण किया।

## नीरज विद्या मंदिर में मना ग्रेंड पेरेंट्स डे

### वृद्धजन ही परिवार की असली पूँजी -पुष्पा बाजपेयी






**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर में ग्रेंड पेरेंसट्स डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रारंभ में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। प्री-प्रायमरी के बच्चों द्वारा 'सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु' प्रार्थना की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक जी.राम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी विशेष रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि प्रत्येक परिवार में बड़े-बुजुर्ग असली धन होते हैं और इन्हीं से परिवार को पहचान और पीढ़ी को संस्कार मिलते हैं। आज के समय में आधुनिकता से बचते हुए प्राचीन मान्य परंपराओं को हमें अपने जीवन में स्थान देना होगा। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित दादा-दादी और नाना-नानियों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या सुश्री जहान ने कहा कि संयुक्त परिवार से ही आज की पीढ़ी बहुत कुछ सीख सकती है। बच्चों को जीवन की विषमताओं से जूझने की ताकत इन्हीं से मिलती है और परिस्थितियों पर विजय प्राप्त करते हुए समाज में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। संयुक्त परिवार में माता-पिता के साथ-साथ दादा-दादी और नाना-नानी का भी संरक्षण व मार्गदर्शन मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित दादा-दादी और नाना-नानी का तिलक लगाकर भावपूर्ण स्वागत संस्था की शिक्षिकाओं ने किया। बच्चों ने अपने बड़ो के पैर धुलाकर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उपस्थित नन्हे बच्चों के दादा-दादी, नाना-नानी एवं माता-पिता की आँखों में आँसू आ गए। सम्मान से भाव-विभोर हुए दादा-दादी और नाना-नानियों ने कार्यक्रम की मुक्तकंठ से सराहना की। प्री-प्रायमरी के छात्र-छात्रा नित्या साहू, वियांश, अन्वय साहू, प्रिशा रंगारी एवं वान्या ने बहुत खूबसूरत अंदाज में अपने-अपने विचार रखे। जिसे सबने भरपूर सराहा। प्री-प्रायमरी के बच्चों ने समूह नृत्य व गीतों की प्रस्तुति भी दी। इनके द्वारा प्रस्तुत किए गए समूह ड्रामा को भी भरपूर प्रशंसा मिली। दादा-दादी एवं नाना-नानी के लिए आकर्षक गेम्स का भी आयोजन किया गया। गेम्स के विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सैयद नूरजहाँ, श्रीमती श्वेता देवांगन, श्रीमती शिल्पा कलचुरी, श्रीमती लाकेश्वरी साहू, श्रीमती आशा साहू एवं श्रीमती सोनिका श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने किया।

## सांसद कप रात्रिकालीन क्रिकेट में रोमांच चरम पर

### 22 जनवरी के मुकाबलों में 5 टीमों की जीत, 24 जनवरी को होगा सेमीफाइनल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** म्युनिस्पल स्कूल ग्राउंड में आयोजित सांसद कप रात्रिकालीन फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में 22 जनवरी को खेले गए मुकाबलों ने दर्शकों को जबरदस्त रोमांच से भर दिया। ठंडी रात के बावजूद मैदान दर्शकों के शोर और तालियों से गूंजता रहा। वार्डवासियों की भारी मौजूदगी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खेल का स्तर ऊँचा दिखा। 13 जनवरी से प्रारंभ यह टूर्नामेंट 25 जनवरी तक चलेगा। 24 जनवरी को सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिन्हें लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है।

**22 जनवरी के विजेता मुकाबले**

पहला मैच: वार्ड न. 06 VS 29 — विजेता: वार्ड न. 06 (7 विकेट से)

दूसरा मैच: वार्ड न. 11 VS 36 — विजेता: वार्ड न. 11 (21 रन से)

तीसरा मैच: वार्ड न. 02 VS 37 — विजेता: वार्ड न. 37 (6 विकेट से)

चौथा मैच: वार्ड न. 17 VS 21 — विजेता: वार्ड न. 21 (6 विकेट से)

पाँचवाँ मैच: वार्ड न. 07 VS 13 — विजेता: वार्ड न. 13 (46 रन से)

**दर्शकों का उत्साह, खिलाड़ियों का आत्मविश्वास**

मैचों के दौरान युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। अपने-अपने वार्ड की टीमों को समर्थन देने बड़ी संख्या में वार्ड निवासी पहुंचे। अतिथि खिलाड़ियों और गणमान्यजनों की मौजूदगी से खिलाड़ियों का मनोबल और बढ़ा।

सांसद कप टूर्नामेंट के सफल संचालन में आयोजक हरीश शर्मा, अतुल रायजादा, अरविंद बैद, मुकेश शर्मा, हकीम खान, रमेश सोनवानी, संजय लड्डुवन और रघुवीर वाधवा की सक्रिय भूमिका रही। आयोजन समिति ने खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए बेहतर व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कीं।

**यूट्यूब पर सीधा प्रसारण, लाइव कमेंट्री ने बढ़ाया रोमांच**

टूर्नामेंट के सभी मुकाबलों का यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है, जिससे क्रिकेट प्रेमी घर बैठे भी मैचों का आनंद ले रहे हैं। विमल एवं पिंटू की जोशीली लाइव कमेंट्री ने मैच के माहौल में और जान डाल दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

मैचों में नरेश आहूजा, चंदन मिश्रा, राहुल एवं पुरन ने अंपायरिंग की जिम्मेदारी निभाई, जबकि यश ठाकुर स्कोरिंग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। निष्पक्ष अंपायरिंग और सटीक स्कोरिंग से खेल की विश्वसनीयता बनी हुई है। सांसद कप आयोजन समिति के अरुण शुक्ला, शरद सिन्हा, दिनू गुप्ता ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाता है, बल्कि सामाजिक एकता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को भी मजबूत करता है। सांसद कप जैसे आयोजन युवाओं को नशे और नकारात्मक गतिविधियों से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करते हैं। उक्त जानकारी खेल मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## खपराभाट में 24 व 25 जनवरी को राज्य स्तरीय मानस महोत्सव



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम खपराभाट में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी राम जन्म उत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 23 जनवरी, गुरुवार को सायं भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। इसके पश्चात 24 एवं 25 जनवरी को राज्य स्तरीय मानस महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मानस महोत्सव में प्रदेश की 16 ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां अपनी सुमधुर एवं भक्ति रस से परिपूर्ण प्रस्तुतियां देंगी। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

**उद्घाटन समारोह-** उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री भारत लाल साहू (पूर्व अध्यक्ष, परिक्षेत्र साहू समाज, गैंदाटोला) होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सुभाष यादव (समाजसेवी, छुरिया) करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में श्री महेश मंडावी, डॉ. प्रकाश शर्मा (गैंदाटोला), श्री रामसुरत साहू (पूर्व जनपद सदस्य, आलीवारा), चन्द्र कुमार साहू (खपराभाट), बलेश्वर साहू, रोहित कुमार साहू (सिंघाभेड़ी), देवेन्द्र कुमार सार्वा (मागाटोला), तुलेश साहू (पूर्व सरपंच, कुही खुर्द), डॉ. नेतराम साहू, कृष्णा साहू (फाडुटोला), धनेश कुमार साहू (जयसिटोला), तौशल कुमार साहू (आलीवारा), पवन कुमार साहू (खपराभाट), ईश्वर साहू, उत्तम कुमार नेताम, समारू राम, कुंवर सिंह नेताम, जहूर राम साहू, श्रीमती रम्भा बाई साहू (पूर्व सरपंच, आलीवारा) सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीण सदस्य एवं समस्त पंचगण उपस्थित रहेंगे।

**समापन समारोह-** महोत्सव का समापन समारोह 25 जनवरी को सायं 8 बजे आयोजित होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री संजय सिन्हा (अध्यक्ष, जनपद पंचायत छुरिया) होंगे। अध्यक्षता श्रीमती हेमिन विष्णु साहू (सभापति, जनपद पंचायत छुरिया) करेंगी। विशेष अतिथि के रूप में श्री अजोध राम कुलेश्वर (सरपंच, ग्राम पंचायत आलीवारा), खिलेश्वर साहू (अध्यक्ष, भाजपा गैंदाटोला), श्रीमती कुमेश्वरी गजेन्द्र साहू (उपाध्यक्ष, तहसील साहू समाज छुरिया), श्रीमती देवकी साहू, अरुण कुमार साहू (शिक्षक, आलीवारा), युकेश कुमार साहू (शिक्षक, खपराभाट), विजय नेताम (शिक्षक, गैंदाटोला), षठवदन साहू (शिक्षक, पंडरी पथरा) सहित बड़ी संख्या में सामाजिक, शैक्षणिक व जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार साहू (अध्यक्ष, परिक्षेत्र साहू समाज गैंदाटोला), अमरनाथ साहू (सचिव, मानस समिति), नारायण दास साहू (कोषाध्यक्ष) सहित समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

nandgaon times jan-24-3.qxd 1/23/2026 11:57 PM Page 2



## लखपति दीदी दिव्या निषाद से समाज के कुलेश्वर निषाद ने की सौजन्य मुलाकात

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लखपति दीदी दिव्या निषाद कुसमी से मिलने पहुंचे निषाद समाज के मछुवारा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कुलेश्वर निषाद सपत्नीक श्रीमती टामिन निषाद, महिला प्रकोष्ठ निषाद जिलाध्यक्ष पदमिनी निषाद, मुस्कान निषाद, बासन बाई निषाद ने निज निवास पहुंच कर उनके लखपति दीदी बनने, आत्म निर्भर बन कर मिसाल पेश करने, अपनी पहचान बनकर नौकरी, मजदूरी व बिजनेस कर दोहरी जिम्मेदारी निभा रहीं माता से हालचाल जाना। ज्ञात हो कि ग्राम कुसमी की लखपति दीदी दिव्या निषाद ने बताया कोविड-19 के दौरान पति की मृत्यु हो गई। उस समय परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी। रोजगार और व्यापार का अनुभव नहीं था। बच्चों की परवरिश, घर की जिम्मेदारी उठाने समूह की दीदियों से प्रेरणा ली। बिहान से जुड़ने पर बदलाव आया। प्रशिक्षण में बैंक सखी, बैंक मित्र, समूह संचालन और व्यापार की जानकारी मिली। ऋण लेकर भरेंगांव में कपड़ों का व्यापार और घर में किराना दुकान शुरू की है। सिलाई और अन्य कार्यों से आय हो रही है। सालाना आय 4 लाख तक होती है। दिव्या निषाद ने बताया बच्चों का पालन करने और उच्च शिक्षा दिलाने उन्होंने संघर्ष किया और आज इस मुकाम में पहुंची। एक बेटी भूमिका निषाद अब कक्षा 9वीं में जाएगी और पुत्र रूद्र प्रताप निषाद कक्षा 5वीं में जाएगा। मां होने के साथ उन्होंने महिला



सशक्तिकरण और आत्म निर्भर बन कर समाज में अनोखी मिसाल पेश की है।

**लखपति दीदी दिव्या निषाद समाज के प्रेरणा है**

समाज के मीडिया प्रभारी चैन कुमार सोनवानी निषाद ने बताया कि दिव्या निषाद 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति भवन में एट होम रिसेप्शन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मानित हो चुकी हैं। उनका चयन देश की 10 लखपति दीदियों में हुआ है। यह सम्मान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने पर मिला है। बैंक मित्र के रूप में पेंशन लेनदेन का कार्य करती हैं। मनरेगा श्रमिकों को राशि देना, वित्तीय साक्षरता की जानकारी, समूहों को ऋण दिलाने, खाता खुलवाने में मदद करती हैं। राज्यपाल रमेन डेका ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित एट होम रिसेप्शन में शामिल होने के लिए चयनित राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम कुसमी की लखपति दीदी श्रीमती दिव्या निषाद को सम्मानित किया। इस दौरान श्रीमती दिव्या निषाद ने अपने लखपति दीदी बनने के सफर के बारे में अपने अनुभव साझा किए। उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित एट होम रिसेप्शन के लिए देश भर से 10 लखपति दीदीयों का चयन किया गया है। जिसमें से राजनांदगांव जिले से लखपति दीदी श्रीमती दिव्या निषाद का चयन किया गया है। केन्द्र शासन की लखपति दीदी योजना महत्वपूर्ण पहल है। जिसके तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत महिलाओं को अपना व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए 5 लाख रूपए तक का ऋण बिना ब्याज के दिया जाता है ।

## कोरोना महामारी पर आधारित महामारी पर आधारित डॉ योगेंद्र पांडेय के नवीनतम उपन्यास

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** यशस्विनी का विमोचन का शुभ अवसर आज दिनांक 18/01/2026 किया गया ।डॉ योगेंद्र पांडेय केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में प्रख्यात हिन्दिंक शिक्षक है ।उनके अनेकों उपन्यास कहानियां दैनिक अखबार में अनेकों प्रकाशन हो चुका है। मेरे द्वारा उपन्यास का विमोचन करना गर्व की बात है ।आशा है कि यह उपन्यास हिन्दी साहित्य में एक मील का पत्थर साबित होगा। छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों के लिए यह गर्व का विषय है कि वे अपनी भाषा और संस्कृति को 'शिखा' की तरह जलाए रखते हैं, एक ऊर्जा और प्रकाश का स्रोत बने रहते हैं, और छत्तीसगढ़ के साहित्य को एक नई लय और दिशा देते हैं, जिससे राज्य की पहचान मजबूत होती है और भविष्य के लिए प्रेरणा मिलती है।



## खपरीकला में बसंत पंचमी और सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरी कला में 23 जनवरी को संयुक्त रूप से बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई7 सर्वप्रथम मां भगवती एवं सुभाष चंद्र बोस के तैल्यचित्र के समक्ष प्रधानपाठक रमेश चंद्र साहू एवं ग्राम पंचायत के उपसरपंच उज्जवल निर्मलकर के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया7 तत्पश्चात शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा के द्वारा बसंत पंचमी एवं सुभाष चंद्र बोस की के बारे में बताया गया7 बसंत पंचमी के पावन पर्व पर विद्यालय में शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा के द्वारा नेवता भोजन के रूप में खीर का प्रसाद का वितरण किया गया 7 इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक रमेश चंद्र साहू, शिक्षक अवध राम कंवर, भोजराज साहू, लक्ष्मीकांत एवं उपसरपंच उज्जवल निर्मलकर उपस्थित थे।



## करमरी में रक्तदान शिविर का आयोजन

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम करमरी में आगामी 26 जनवरी को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सरपंच दीनदयाल साहू के नेतृत्व में रख गया है दीनदयाल साहू ने बताया कि ब्लड देने वाले कार्यकर्ता को ग्राम पंचायत की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जावेगा , साथ ही क्षेत्रीय ग्रामीणों के बीमार पड़ जाने एवं रक्त की जरूरत होने पर उन्हे सम्पर्क करने पर रक्त भी दिलवाया जायेगा, दीन दयाल साहू ने इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में युवाओं से ब्लड दान करने की अपील की है।



## हिंदू जागरण मंच ने बसंत पंचमी हर्षोल्लास से मनाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव द्वारा बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कालीबाड़ी गायत्री स्कूल के पास स्थित माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विद्या की देवी माता सरस्वती से समाज में ज्ञान, संस्कार और सद्बुद्धि के प्रसार की कामना की। वक्ताओं ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे भारतीय संस्कृति में शिक्षा, कला और ज्ञान का प्रतीक बताया। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**शुभांक**

**1-8-0**

**457-6 126-9**

**भाग्यांक**

**258-5 559-9**

## दिग्विजय महाविद्यालय में यज्ञ एवं हवन के साथ मनाया गया वसंत पंचमी का पर्व

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य आदरणीया डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में संस्कृत विभाग द्वारा दिनांक 23.01.2026 को महाविद्यालय में वसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर कार्यालय परिसर में स्थित विद्या की देवी वीणावादिनी माँ सरस्वती के समक्ष पूजा एवं हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। संस्कृत विभाग के अध्यापक डॉ. कृष्णदत्त त्रिपाठी जी द्वारा संपन्न इस यज्ञ में संस्था के प्राचार्य आदरणीया डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने मुख्य यजमान के कार्य का निर्वहन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ विभाग के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक स्वस्तिवाचन के मंत्रोच्चारण पूर्वक प्राचार्य महोदया के तिलक करण से किया गया । तत्पश्चात् सरस्वती पूजा एवं वैदिक मंत्रों से हवन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने आहुति प्रदान की। इस कार्यक्रम का समापन मां सरस्वती की आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती से बुद्धि एवं विद्या प्राप्ति की कामना की गई। कार्यक्रम के पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्कृत विभाग के डॉ. ललित प्रधान, डॉ. महेंद्र नगपुरे के निर्देशन में एम.ए. पूर्वार्द्ध एवं एम. ए. उत्तरार्द्ध के विद्यार्थियों द्वारा किया गया।



## प्राथमिक शाला बसंतपुर में बसंत पंचमी एवं सुभाष चंद्र बोस जयंती धूमधाम से मनाई गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्राथमिक शाला बसंतपुर में आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती पूजन का कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इसी अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी गरिमामय रूप से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माध्यमिक शाला बसंतपुर के प्रधान पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में पार्षद श्री हेमंत शेखर यादव का सान्निध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एक नवीन छात्र का विद्यारंभ संस्कार विधिवत रूप से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान शाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें जसगीत एवं पचरा गीत ढोलक, झांझ व मंजीरा के साथ प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी स्कूल के व्याख्याता कटझरे सर एवं संकुल समन्वयक सुनील साहू, तिलक सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पेन वितरित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अंत में शाला परिवार की ओर से सभी पालकों एवं विद्यार्थियों को नेवताभोज कराया गया, जिसमें खीर-पुरी का वितरण किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## कुमरदा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता ज्ञान प्रशिक्षण आयोजित

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड छुरिया के अंतर्गत कुमरदा जोन में शिक्षा विभाग,समग्र शिक्षा के निर्देशन में आयोजित नवीन पाठ्य पुस्तक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में एन.ई. पी. 2020 व सी.एफ के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रथम चरण में कक्षा 1, 2, 3 तथा द्वितीय चरण में कक्षा 4 व 5 पढ़ाने वाले शिक्षकों को नवीन पाठ्यक्रम में किए गए परिवर्तनों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में नवीन पुस्तक हिंदी वीणा,आनंदमय गणित, अंग्रेजी मृदंग, संतूर, पर्यावरण हमारा अदभुत संसार, बांसुरी खेल योग जैसे नवीन व सृजनात्मक विषय पर केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से बाल केंद्रित व अनुभव आधारित शिक्षण पद्धतियों को समझाया गया। साथ ही बहुभाषिक शिक्षण गणित में मूर्त से अमूर्त की ओर तथा सरल से कठिन की ओर, शिक्षण, शारीरिक, सामाजिक , शारीरिक एवं बौद्धिक विकास तथा कला समन्वित अधिगम पर विशेष बल दिया गया । प्रशिक्षण में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चिरव्रतक, बी.आर.सी. वीरेंद्र साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी.डी. साहू, संकुल प्राचार्य आर. के. दुबे, प्रशिक्षण जोन प्रभारी विनोद यदु , आनंद खंडेलवाल मौजूद थे। कार्यक्रम में कुमरदा जोन के बी. आर. जी.मास्टर ट्रेनर्स ढाल सिंह साहू, योगिता पांडे एवं मनोज कुमार राणा ने प्रशिक्षण दिया।



## एन एस एम पब्लिक स्कूल चौकी में मां के मंत्रों की गूंज ने धर्म - ध्वजा फहराई...


**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बसंत पंचमी के महापर्व पर एन एस एम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी के नन्हे - नन्हे बच्चों ने हे ! शारदे मां ... की गूंज के साथ धर्म ध्वजा फहराई । सभी बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ मां की वंदना कर विद्या की अर्चना की। एन एस एम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी के प्राचार्य डॉ.सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर बच्चों ने शुभ मुहूर्त में मां वीणा वादिनि की स्तुति कर अपने उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की । आज के विशेष महत्व को तव्वजो देते हुए सभी बच्चे पीले वस्त्रों में सज - धज कर स्कूल पहुंचे । सभी ने अपने दोपहर के भोजन में पीली वस्तुओं को शामिल कर बसंत पंचमी के पर्व का शास्त्रोक्त संदेश दिया । शाला परिसर में मां सरस्वती की पूजा - अर्चना मंत्रोच्चार के साथ की गई । सभी बच्चों को प्रसाद स्वरूप पीली मिठाई एवं इलाइची दाना का वितरण किया गया । मंगल गीतों की बाल सुलभ वाणी से आसपास की कॉलोनियां भी गुंजायमान हो उठीं ।



## कबीरधाम पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 22.01.2026 की सुबह लगभग 04.00 से 05.00 बजे के मध्य ग्राम ठाकुरटोला, थाना तरेगांव जंगल निवासी दुकालसिंह बैगा पिता ईतवारी बैगा उम्र 50 वर्ष के साथ आरोपी चोखुराम बैगा पिता रामलाल बैगा उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम ठाकुरटोला द्वारा गाली-गलौच की बात को लेकर वाद-विवाद किया गया। वाद-विवाद के दौरान आरोपी द्वारा अपने घर में रखी हुई लोहे की टंगिया से दुकालसिंह बैगा के सिर पर कई बार प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना तरेगांव जंगल प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही की गई तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बिना विलंब उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। मामले में थाना तरेगांव जंगल में आरोपी चोखुराम बैगा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 01/2026 धारा 109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान आरोपी की पतासाजी कर उसे अभिरक्षा में लिया गया तथा आरोपी के मेमोरण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त लोहे की टंगिया जप्त की गई। प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।



## 125 दिनों की रोजगार गारंटी से ग्रामीण जीवन में आएगा स्थायित्व : किरण रविन्द्र वैष्णव

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा लाए गए VB-G RAM G (विकसित भारत -जी राम जी) अधिनियम 2025 को ग्रामीण भारत के लिए एक दूरदर्शी, जनकल्याणकारी एवं क्रांतिकारी पहल बताया है।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की यह ऐतिहासिक योजना ग्रामीण परिवारों को न केवल अधिक दिनों का सुनिश्चित रोजगार प्रदान करेगी, बल्कि समयबद्ध मजदूरी भुगतान एवं पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से श्रमिकों के आत्मसम्मान और विश्वास को भी सुदृढ़ करेगी। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि रोजगार की कानूनी गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाया जाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के च्सबका साथ, सबका विकासज्ज् के संकल्प का जीवंत उदाहरण है। इससे गरीब, किसान और श्रमिक वर्ग के जीवन में आर्थिक स्थायित्व आएगा, आय में वृद्धि होगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से होने वाले पलायन पर प्रभावी अंकुश लगेगा। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार की इस योजना के अंतर्गत जल संरक्षण, सिंचाई, भू-जल पुनर्भरण, वनीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि बायोमेट्रिक एवं ‍ढ्ढ आधारित निगरानी प्रणाली लागू किए जाने से फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी और योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद हितग्राहियों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचेगा। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया VB-G RAM G अधिनियम 2025 आत्मनिर्भर ग्राम, सशक्त किसान और समृद्ध ग्रामीण भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत, निर्णायक और ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा।




**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER (E/M) DIVISION PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT RAJNANDGAON (CHHATTISGARH)**

No. 14/2025-26 /TS/EE/(E&M) PHED/ Rajnandgaon    Dated:-21-01-2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh on Form"B" for job work carried out as mentioned below from the manufacturer or their authorized dealers having previous experience of such type of work satisfactory performance report as annexed in 'Annexure-A'

| S.No. | Item of Supply | Estimated Cost in (in Lakh) | Earnest Money (Rs) | Cost of tender docu-ment | Period to com-plete job work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Shifting of the departmental Hydrofracturing. unit (i.e. CG 02-3217) and remounting of all existing equipment along with accessories on the newly provided departmental Ashok Leyland (1920 Model) 20 feet chassis including all necessary modifications, fabrication, repairs, refurbishing and installation works as per detailed technical specification given in scope of work (Annexure-B) (rates may clearly be quoted with all taxes, charges and labour charges) including trial & testing. | 4.76 | 4800/- | 750.00 | 45 Days |

Last date of receipt of application issue of tender documents - 03-02-2026 up to 05.30 PM
2) Pre bid Discussion - 30-01-2026 up to 11:30 AM to 05:30 PM
3) Last date of Sale of tender document - 04-02-2026 up to 05.30 PM
4) Last date of receipt of tender document - 05-02-2026 up to 03.00 PM
5) Date of opening Tender - 05-02-2026 at 04.00 PM

**Terms & Condition**

1 This short NIT will be part of the agreement.
2 This short NIT also available in the Executive Engineer (E/M) Dn. P.H.E. Department, Rajnandgaon Chhattisgarh Notice Board.
3 This short NIT is also available in the site of https://eproc.cgstate.gov.in

G- 252606225

Executive Engineer (E/M) Division
Public Health Engineering Department
Rajnandgaon (C.G.)



**न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**- ईश्तहार::-**

रा.प्र.क. 202601291500006
अ/20 (3) वर्ष 2025-2026

एतद् द्वारा ग्राम खैरागढ़ प.ह.न. 31 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के द्वारा आवेदक उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश राजनांदगांव द्वारा जिला मुख्यालय खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई हेतु नगर तथा ग्राम निवेश के क्षेत्रीय कार्यालय हेतु भूमि की आवश्यकता होने के कारण नगर खैरागढ़ मोहल्ला राजफैमली ब्लॉक नं. 4 पर स्थित भूखंड क. 14/1 क्षेत्रफल 13,410 वर्गफुट में से क्षेत्रफल 3025 वर्गफुट खाली जगह आबंटन किये जाने प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु अनुविभागीय अधिकारी महो. (रा.) खैरागढ़ से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

अतएव ग्राम नगर खैरागढ़ मोहल्ला राजफैमली ब्लॉक नं. 4 पर स्थित भूखंड क. 14/1 क्षेत्रफल 13,410 वर्गफुट में से क्षेत्रफल 3025 वर्गफुट खाली जगह को नगर तथा ग्राम निवेश के क्षेत्रीय कार्यालय हेतु भूमि आबंटित किये जाने जिस किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 17/02/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 16/01/2026**
**सुनवाई दिनांक 17/02/2026**

सील    **तहसीलदार खैरागढ़**



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/486/अविअ/प्रवा-3/2026
राजनांदगांव, दिनांक 16/01/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्जुन यादव पिता जयगोविंद यादव, निवासी सेक्टर 02, भिलाई नगर, जिला- दुर्ग, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम भेडीकला, पटवारी हल्का नंबर 32, खसरा नंबर 510/6, 510/7, 510/10, 510/11 रकबा क्रमशः 1.1570, 0.7290, 0.8100, 0.4050 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 30/01/2026 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील    **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव**



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/426/अविअ/प्रवा.-3/2026
राजनांदगांव, दिनांक 16/01/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक..... (1) संतोष पारख पिता पूनमचंद पारख, (2) आकाश गोलछा पिता दर्शन गोलछा, निवासी रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम सिंघोला, पटवारी हल्का नंबर 48, खसरा नंबर 825/1 रकबा 0.1620 हेक्टेयर में से 0.0280 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 27/01/2026 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील    **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव**



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202601091900036**

विषयः- ब-121
सनः- 2025-2026
अर्जुनी प.ह.न. 00032 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार - तोरन लाल,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एत्तद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोरन लाल आ. दशरथ निवासी ग्राम अर्जुनी, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव के द्वारा अपने पुत्र लुकेन्द्र आ. तोरन लाल का जन्म दिनांक 21.09.2005 को ग्राम अर्जुनी, तहसील डोंगरगांव में हुआ है। भूलवंश स्थानीय रजिस्ट्रार के पास दर्ज नही कराया गया है अतः आवेदक अपने लुकेन्द्र आ. तोरन लाल का जन्म तिथि दर्ज किये जाने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार को आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन मय अनुपलब्धता प्रमाण, अंकसूची, आधार कार्ड पत्र पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 28-01-2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/01/2026 को जारी किया जाता है।

सील    **तहसीलदार डोंगरगांव**



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202601091900035**

विषयः- ब-121. मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
बगदई प.ह.न. 00022 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - सामरथ,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एत्तद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सामरथ आ. बुधराम निवासी ग्राम बगदई, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव के द्वारा अपने माता गहिरिन पटेल का मृत्यु दिनांक 18.03.2011 को ग्राम बगदई, तहसील डोंगरगांव में हुआ है। भूलवंश स्थानीय रजिस्ट्रार के पास दर्ज नहीं कराया गया है अतः आवेदक अपने माता गहिरिन पटेल का मृत्यु तिथि दर्ज किये जाने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार को आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन मय अनुपलब्धता प्रमाण पत्र पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30-01-2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/01/2026 को जारी किया जाता है।

सील    **तहसीलदार डोंगरगांव**

nandgaon times jan-24-3.qxd 1/23/2026 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

1) भारतीय संसद का उच्च सदन कौन-सा है?

2) कोशिका की प्रोटीन फैक्ट्री किसे कहा जाता है?

3) भारत में सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला कौन-सी है?

4) गणतंत्र दिवस 2026 की आधिकारिक थीम क्या है?

5) 11वें अजंता-एलोरा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में किसे पद्मपाणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा?

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) राज्यसभा (2) राइबोसोम (3) अरावली (4) स्वतंत्रता का मंत्र वंदे मातरम एवं समृद्धि का मंत्र आत्मनिर्भर भारत (5) इलैयाराजा

# शंकराचार्य का अपमान बर्दाश्त से बाहर, यह करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर सीधा हमला : सुनील केशरवानी

### गौ माता को राष्ट्रमाता कहने की आवाज दबा रही भाजपा - सुनील केशरवानी, शंकराचार्य का अपमान नहीं, पूरे सनातन समाज का अपमान है : जोगी कांग्रेस

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने स्वामी पूज्य शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज के साथ हुए दुर्व्यवहार एवं अपमान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह घटना केवल एक धर्माचार्य का अपमान नहीं है, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था, सनातन परंपरा और धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। इस प्रकार की घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था, संविधान और धार्मिक सहिष्णुता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती हैं। सुनील केशरवानी ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज लंबे समय से गौहत्या बंद करने और गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर जनहित में आवाज उठा रहे हैं। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि सीधे-सीधे हिंदू समाज की आस्था, संस्कृति और जीवन मूल्यों से जुड़ा विषय है। लेकिन सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी इन विषयों पर संवाद करने के बजाय दमन, अपमान और दबाव की राजनीति अपना रही है, जो अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से शंकराचार्य जी को न माने, तो यह उसका निजी मत हो सकता है, लेकिन पूरे देश के संत-समाज, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रधानमंत्री द्वारा जिनका सम्मान किया गया हो, उनके अपमान को सही ठहराना घोर अहंकार और विवेकहीनता का परिचायक है।



सुनील केशरवानी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं शंकराचार्य कहकर नमन करते हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चरण वंदन कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, आनंदीबेन पटेल, शिवराज सिंह चौहान सहित देश के असंख्य जनप्रतिनिधियों ने शंकराचार्य पद पर आसीन होने पर शुभकामनाएं दी हैं। ऐसे में कुछ लोगों द्वारा किया गया अपमान पूरे सनातन समाज का अपमान है। जोगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज पूरे देश में हो रही गौहत्याओं में सबसे अधिक घटनाएं उत्तर प्रदेश से सामने आ रही हैं, फिर भी वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौन हैं। सत्ता में आने से पहले गौहत्या बंदी पर बड़े-बड़े भाषण देने वाले योगी आदित्यनाथ आज कालनेमी की तरह साधु वेश में मौन साधे बैठे हैं। इतिहास साक्षी है कि जब-जब सत्ता और संत आमने-सामने हुए हैं, जीत हमेशा संतों की हुई है।

जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने मांग किया है कि 1. पूरे मामले की केंद्र स्तर पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। 2. घटना के लिए जिम्मेदार पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए। 3. दोष सिद्ध होने पर संबंधित अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर कठोर दंड दिया जाए। 4. भविष्य में किसी भी धर्माचार्य, संत या धार्मिक परंपरा के साथ दुर्व्यवहार न हो, इसके लिए स्पष्ट और लिखित दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। अंत में सुनील केशरवानी ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र न्याय नहीं मिला, तो सनातन समाज के साथ मिलकर शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और व्यापक आंदोलन करेगी। उन्होंने दो टूक कहा कि धर्म, आस्था, संस्कृति और गौ माता के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## गायत्री विद्यापीठ में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लासपूर्ण मना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लासपूर्ण मनाया गया। इस



अवसर पर माँ गायत्री, माँ सरस्वती एवं पूज्य गुरूदेव, वंदनीया माताजी के तैलचित्रों पर माल्यार्पण के साथ पूजा-अर्चना की गई। साथ ही साथ हवन-पूजन का भी भव्य आयोजन करवाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ-साथ गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, प्रशासक श्री अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूल आब्जर्वर श्री अंकित व्यास, आचार्या श्रीमती ओमवती सिंग, श्री टी.एस. ठाकुर उपस्थित थे। शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा बसंत पर्व की शुभकामनाओं के साथ कहा गया कि यह पर्व हम सभी के लिए विशेष महत्व रखता है। आज ही के दिन गायत्री परिवार एवं देव संस्कृति विवि के प्रणेता, गायत्री मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने वाले पूज्य गुरूदेव पं.श्रीराम शर्मा आचार्य का हम आध्यात्मिक जन्मदिवस भी मनाते है। आज ही के दिन पूज्य दादा गुरूदेव ने उन्हें उनकी पूजा स्थली पर मार्गदर्शन देकर विश्व कल्याण के मार्ग में जाने हेतु प्रेरित किया, जिन्होंने कठोर तप-साधना के द्वारा मानव से महामानव बनकर जन कल्याण हेतु अपना जीवन समर्पित किया।

## राकेश शर्मा , गोपाल पटेल , धरम चंद जैन राज वीर सम्मान से सम्मानित होगे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय साइंस कालेज मैदान रायपुर में राज वीर सम्मान से सम्मानित करेंगे tumdi-bod के लिए यह सम्मान गौरव की बात 24 को तीनों राजवीर विशेष वाहन से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे अखिल भारतीय टाइगर ?? क्लब राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय जैन ने राजवीर सम्मान के राकेश शर्मा गोपाल पटेल और धरम चंद जैन को बधाई दिए और आगे भी समाज सेवा के लिए कार्य करने के प्रेरित किया।

## लखोली में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई भक्त गुहा निषाद जयंती

### निषाद समाज की एकता और संस्कृति का भव्य प्रदर्शन, महापौर सहित जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम लखोली में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्त गुहा निषाद जयंती का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक समरसता के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम 22 जनवरी 2026 गुरुवार को शीतला मंदिर प्रांगण लखोली में आयोजित किया गया। जिसमें निषाद समाज के साथ-साथ ग्रामवासियों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत भक्त गुहा निषाद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। समाज के वरिष्ठजनों ने भक्त गुहा निषाद के जीवन, उनके त्याग, भक्ति और प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी अटूट निष्ठा पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। इस गरिमामयी आयोजन में



नगर निगम के महापौर श्री मधुसूदन यादव जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने निषाद समाज की सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भक्त गुहा निषाद जैसे महापुरुष समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में लखोली के समस्त पार्षदों की विशेष उपस्थिति रही जिनमें श्री डिलेश्वर साहू, श्रीमती चंद्रिका साहू, श्री संतोष साहू, श्रीमती गिरिजा निर्मलकर एवं श्रीमती रीना सिन्हा शामिल रहीं। सभी अतिथियों ने समाज को जयंती की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भानुप्रताप निषाद ने की जबकि नारद निषाद उपाध्यक्ष के रूप में मंचासीन रहे। कोषाध्यक्ष रोहित निषाद, संरक्षक श्रीराम निषाद एवं सचिव शंकर निषाद ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यकारिणी सदस्य हेमन्त निषाद सहित अन्य सदस्यों उत्तरा निषाद, रुखमणी निषाद, पार्वती निषाद, धनेश्वरी निषाद, गौरी निषाद एवं समस्त निषाद समाज लखोली का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर समाज में शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता को और मजबूत करने का संकल्प लिया गया। आयोजन ने यह संदेश दिया कि निषाद समाज अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर ग्रामवासियों एवं समाज के सदस्यों ने आयोजक समिति को बधाई दी।

## आजादी दी नहीं जाती, लहू उबालकर ली जाती है- नेताजी का यह प्रमुख नारा आज भी युवाओं के रक्त में उबाल ला देता है।

**भिलाई ( नांदगांव टाइम्स )।** आज सुपेला अंडर ब्रिज, प्रियदर्शनी परिसर में 129वीं क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर नेताजी के जीवन, संघर्ष और विचारों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यों और उनके विचारों का संदेश आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचना अत्यंत आवश्यक है। आज़ादी को हम बलिदान, त्याग और पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हैं। इस कार्यक्रम में समाजसेवी एवं श्रमिक नेता प्रशांत कुमार क्षीरसागर, किशोर कनोजे एवं मनोज ठाकरे ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस एक महान भारतीय राष्ट्रवादी नेता थे, जिन्हें भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाले प्रमुख नेताओं में गिना जाता है। उन्होंने 1943 में आज़ाद हिंद फौज का नेतृत्व किया था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के ये क्रांतिकारी नारे आज भी युवाओं के लहू में जोश भर देते हैं।



## पराक्रम दिवस पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस को नमन, विजन कंप्यूटर एजुकेशन में संगोष्ठी आयोजित...

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर आज पूरा राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है और उनके पराक्रम, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इसी कड़ी में राजनांदगांव जिले के विजन कंप्यूटर एजुकेशन में एक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन कर नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। संगोष्ठी में वक्ताओं ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके जीवन संघर्ष, आज़ाद हिंद फौज की स्थापना तथा च्जय हिंदज्ज् और च्दिल्ली चलोज्ज् जैसे नारों की ऐतिहासिक भूमिका पर विचार रखे। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य तेजस्वी वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत (रूङ्ग



क्द्धड्डह्वड्डह्ल), राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नेताजी सुभाषचंद्र बोस के त्याग, साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति से प्रेरित करना तथा उनके विचारों को वर्तमान पीढ़ी तक पहुँचाना रहा। विजन कंप्यूटर एजुकेशन के संचालक लोकेश रजक ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जीवन युवाओं के लिए अद्भुत प्रेरणा है। उनका पराक्रम, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति आज की पीढ़ी को सही दिशा दिखाता है। मेरा युवा भारत कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रहा। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में देशभक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूकता का भाव विकसित होता है।

## गोल बाजार में सरेआम युवक की जमकर पिटाई

### चुनरी यात्रा विवादों के घेरे में

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** गुरुवार को शहर में निकाली गई धार्मिक चुनरी यात्रा के दौरान नशेड़ी युवकों के द्वारा नगर के हृदय स्थल गोलबाजार में सरेआम एक युवक की जमकर पिटाई करने का मामला सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ और लोग तरह तरह की अफवाह फैलाने लगे। वहीं बताया जाता है कि पुरानी रंजिश को लेकर सरेआम मारपीट में लोग मूक दर्शक हो तमाशबीन बने रहे और पुलिस को बिना जानकारी दिए मोबाइल से वीडियो बना सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया जिससे चुनरी यात्रा में लगी पुलिस प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे है ? वहीं इस घटना को लेकर गोल बाजार के व्यापारियों में कानून व्यवस्था को लेकर रोष देखा जा रहा है। बताया जाता है कि सरेआम युवक की पिटाई की घटना ने गोलबाजार में कुछ घंटे तक अफरा तफरी जैसा माहौल निर्मित कर दिया था। उसके बावजूद स्थानीय थाने में इस घटना को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत खबर लिखे जाने तक दर्ज नहीं कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रात 9 बजे गोल बाजार कि बताई जा रही है. जिसमें चुनरी यात्रा के समापन के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में भगत सिंह चौक निवासी एक डॉक्टर के पुत्र हर्ष वर्मा व एक अन्य युवक के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्ष में पहले विवाद फिर मारपीट हुई और विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक दूसरे पर वार कर दिया। मामला बढ़ता देख दूसरे पक्ष ने अपने साथियों को बुलाकर डॉक्टर के पुत्र हर्ष वर्मा को बीच बाजार में लात घूंसो से बेरहमी से पिटाई कर दी गई। वही पुरे घटना में बताया जाता है कि अब तक किसी भी पक्ष ने थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई है। परंतु इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारी आक्रोशित है.।



## धर्म समाचार....

## किस्मत बदल सकती है कछुए वाली अंगूठी! जानें किन राशि वालों को भूलकर भी नहीं पहनना

कछुए वाली अंगूठी आजकल एक फैशन बन गई है, लेकिन वास्तु और ज्योतिष शास्त्र में इसका संबंध सीधे आपकी किस्मत और आर्थिक स्थिति से होता है। कछुए को भगवान विष्णु के 'कूर्म अवतार' का प्रतीक माना जाता है, इसलिए इसे धारण करने से पहले कुछ नियमों को जानना बहुत जरूरी है।

**कछुए वाली अंगूठी पहनने के बड़े फायदे**


आर्थिक समृद्धि: शास्त्रों के अनुसार, कछुआ धन की देवी मां लक्ष्मी का प्रिय माना जाता है। इसे पहनने से घर में बरकत आती है और धन के नए स्रोत खुलते हैं।

आत्मविश्वास में वृद्धि: ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, कछुआ धैर्य और शांति का प्रतीक है। इसे धारण करने से व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास बढ़ता है और मानसिक तनाव कम होता है।

सकारात्मक ऊर्जा: यह अंगूठी नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर जीवन में सकारात्मकता और सुख-शांति लाती है।

**किस धातु में पहनें अंगूठी ?**

धातु का चुनाव आपकी राशि और इसके प्रभाव को तय करता है:



**चांदी :** वास्तु शास्त्र के अनुसार, कछुए की अंगूठी के लिए चांदी सबसे उत्तम धातु मानी जाती है। यह मन को शांत रखती है और शुभ फल देती है।

**सोना या तांबा:** अगर आपकी कुंडली अनुमति देती है, तो आप इसे सोने या तांबे में भी बनवा सकते हैं, लेकिन चांदी को सबसे प्रभावशाली माना गया है।

**पहनने की सही दिशा और तरीका**

कछुए का मुख: अंगूठी पहनते समय ध्यान दें कि कछुए का मुख हमेशा पहनने वाले की तरफ (अंदर की ओर) होना चाहिए। इससे धन आपकी ओर आकर्षित होता है। मुख बाहर की ओर होने से धन व्यय होने की संभावना रहती है।

**सही उंगली:** इसे हमेशा सीधे हाथ की बीच वाली उंगली (मध्यमा) या तर्जनी उंगली (अंगूठे के पास वाली) में ही पहनना चाहिए।सही दिन: इसे धारण करने के लिए शुक्रवार का दिन सबसे शुभ होता है, क्योंकि यह दिन मां लक्ष्मी को समर्पित है।

**किसे नहीं पहननी चाहिए यह अंगूठी ?**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सभी राशियों के लिए यह अंगूठी शुभ नहीं होती। विशेष रूप से मेष, वृश्चिक, मीन और कर्क राशि के जातकों को इसे पहनने से पहले किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर लेनी चाहिए, क्योंकि इन राशियों के तत्वों के साथ कछुए का तत्वप्रतिकूल हो सकता है।

## सिर पर 'मदार' के पत्ते रखकर क्यों करते हैं रथ सप्तमी स्नान? जानें इस अनोखी परंपरा के पीछे का आयुर्वेद

रथ सप्तमी का पर्व हिंदू धर्म में भगवान सूर्य के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सूर्य देव की उपासना के साथ-साथ एक विशेष प्रकार के स्नान की परंपरा है, जिसे 'अर्क स्नान' कहा जाता है। इसमें सिर और कंधों पर 'मदार' (जिसे अर्क या आक भी कहते हैं) के पत्ते रखकर स्नान किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माघ मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को सूर्य देव अपने सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर प्रकट हुए थे। इस दिन सप्तमी होने के कारण सात मदार के पत्तों का विशेष महत्व है। परंपरा के अनुसार, स्नान करते समय सात पत्ते, एक सिर पर, दो कंधों पर, दो घुटनों पर और दो पैरों पर रखकर जल अर्पित किया जाता है। पौराणिक कथाओं और धर्मग्रंथों में वर्णित है कि ऐसा करने से सात जन्मों के पाप धुल जाते हैं और व्यक्ति को आरोग्य की प्राप्ति होती है। 1. त्वचा और चर्म रोगों का उपचार: मदार का पौधा अपनी औषधीय शक्तियों के लिए जाना जाता है। आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, मदार में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-फंगल गुण होते हैं। जब सूर्य की पहली किरणों की उपस्थिति में मदार के पत्तों के स्पर्श के साथ जल शरीर पर गिरता है, तो यह त्वचा संबंधी विकारों को दूर करने में सहायक होता है। 2. माइग्रेन और मानसिक शांति: स्नान के दौरान सिर पर पत्ता रखना शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। प्राचीन उपचार पद्धतियों में बताया गया है कि मदार के पत्तों का स्पर्श सिरदर्द, माइग्रेन और तनाव को कम करने में प्रभावी होता है। यह मस्तिष्क की नसों को शीतलता प्रदान करता है।3. विटामिन ष्ठ का बेहतर अवशोषण: रथ सप्तमी वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। इस समय सूर्य की किरणें स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होती हैं। मदार के पत्ते सूर्य की ऊर्जा को अवशोषित करने में मदद करते हैं, जिससे शरीर को पर्याप्त विटामिन ष्ठ मिलता है और हड्डियां मजबूत होती हैं।



## ढोडिया में 24 से भव्य मानस गायन सम्मेलन



**राजनांदगांव।** समीपस्थ ग्राम ढोडिया में ग्रामवासियों के सहयोग से 24 एवं 25 जनवरी से दो दिवसीय भव्य मासन गायन सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। आयोजन का यह अविरल 36 वां वर्ष है। आयोजन समिति के अध्यक्ष- बिहारीराम पटेल (मुन्ना), उपाध्यक्ष- संतोष श्रीवास,कोषाध्यक्ष- चोवाराम साहू, सचिव- यादूराम निषाद (बबला), सहसचिव- धंनजय मानिकपुरी एवं रामधुनी गायक मेघनाथ साहू सम्मेलन को अंतिम रूप देने तैयारी में जुटे हुए है। मानस सम्मेलन में ढोडिया, कोटराभाठा,बोड़ेना आयोजक ग्राम एक साथ संयुक्त रूप से संलग्न है, अंचल सहित दूरस्थ अंचलों के ख्याति प्राप्त 12 मासन मंडलियां अपनी सुमधुर गायन,वादन,व्याख्यान के बेजोड़ प्रस्तुति से मंच को सराबोर करेंगे। आयोजको ने अचंल के धर्म प्रेमी सज्जनों से अधिक से अधिक संख्या में मानस सम्मेलन का लाभ उठाने की अपील की है।

## शहीदों के नाम रक्तदान शिविर का आयोजन 26 को करमरी में

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत करमरी में किया जाएगा , यह शिविर ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं ग्रामीणों के व्दारा रक्त दान किया जायगा इस अवसर पर सरपंच दीनदयाल साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम ग्राम पंचायत सरपंच पंच ग्रामीणो व्दारा होगा। सरपंच दीनदयाल साहू ने कहा कि देश के शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनके सम्मान में रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।शिविर में डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद रक्तदान कराया जायगा कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को हेलमेट प्रमाण पत्र एनर्जी ड्रिंग एवं रक्त दाता को 5 जिला नादगांव दुर्ग रायपुर कोरबा बिलासपुर जैसे हास्पिटलो में जरूरतमंद को नि:शुल्क खून उपलब्ध कराया जाएगा , यह शिविर ग्राम पंचायत व्दारा नवयुवको को देश प्रति जागरुता सेवा की भावना से होगा उक्त शिविर ग्राम पंचायत करमरी के उपस्वास्थ केन्द्र में दोपहर 12 बजे से संध्या 5 बजे शाम तक किया जाएगा।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रॉग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

अन्नपूर्णा ट्रेडर्स
• हार्डवेयर • सेनेटरी
• टाईल्स • पेन्टस
MEENA / OMPRAKASH SAHU
पता - करवद चौक, बाई पास रोड, रेवाडीह, राजनांदगांव (छ.ग.)

# सर्वसुविधाओं से सुसज्जित होगा नेताजी सुभाष क्लब का दो मंजिला नया भवन : महापौर मधुसूदन यादव

### नेताजी की तरह देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना होगा : महापौर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय मोतीपुर वार्ड क्रमांक 03 अंतर्गत सुभाष चौक में शुक्रवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने जनता की मांग पर एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सुभाष क्लब के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कर वहां दो मंजिला, सर्वसुविधाओं से सुसज्जित नया भवन बनाया जाएगा। यह भवन मंगल भवन की तर्ज पर बहुपयोगी होगा। इसके लिए राज्य सरकार से आवश्यक राशि उपलब्ध कराई जाएगी। जयंती समारोह की शुरुआत अष्टधातु निर्मित नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पचक्र अर्पण के साथ हुई। इसके पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना कर तिलक लगाया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ, जिसमें सुभाष क्लब की टीम के साथ स्कूली बच्चों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे पार्षद एवं सुभाष क्लब के पूर्व अध्यक्ष सावन वर्मा ने स्वागत भाषण में क्लब भवन की जर्जर स्थिति की ओर महापौर का ध्यानाकर्षण करते हुए नए भवन की मांग रखी। वहीं क्लब अध्यक्ष चंदन वर्मा ने भी कहा कि यही भवन वर्षों से मोहल्लेवासियों के सुख-दुख और सामाजिक आयोजनों का केंद्र रहा है, नया भवन बनने से क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि नए भवन के लिए राशि की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। यह भवन बहुउद्देशीय एवं सर्वसुविधासंपन्न होगा। उन्होंने मोहल्ले के नामकरण, सुभाष क्लब भवन निर्माण तथा नेताजी की पहली प्रतिमा स्थापना से जुड़ी स्मृतियों को भी साझा किया। कार्यक्रम में भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमीत भाटिया, पार्षद मनोहर यादव, कमलेश बंधे, मदन यादव, रंगूलाल वर्मा, बसंत देवांगन, संतोष साहू, प्रकाश साहू, विनोद देवांगन, रूपेश देवांगन, महेश सिन्हा, रोहित वर्मा, गणेश देवांगन, रिंकू सिन्हा, लकेश देवांगन, देवेंद्र, पियूष, अंशू, जितेंद्र देवांगन सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



**नेताजी के नारे से बच्चों में भरा देशभक्ति का जोश**

जयंती समारोह के दौरान महापौर अपने उद्बोधन के बीच प्राथमिक शाला के बच्चों से नेताजी सुभाषचंद्र बोस का प्रसिद्ध नारा पूछते हुए बोले— च्तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगाज्। बच्चों ने पूरे जोश के साथ नारा लगाकर वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। महापौर ने बच्चों से कहा कि जिस प्रकार नेताजी ने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उसी तरह हम सभी को भी देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

## 27 से श्रीराम मानस महायज्ञ का 9 दिवसीय भव्य आयोजन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** लाल बहादुर नगर - नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में आगामी 27 जनवरी से 4 फरवरी तक 9 दिवसीय श्रीराम मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस महायज्ञ का आयोजन संत चिन्मयानंद जी (हरिद्वार) के सान्निध्य में किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन भक्तों को श्रीराम के जीवन से जुड़ी शिक्षाएं दी जाएंगी। आयोजन के संदर्भ में गत दिनों लालबहादुर नगर स्थित हाई स्कूल प्रांगण में भूमिपूजन एवं पूजा-अर्चना का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह का वातावरण देखने को मिला। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने बताया कि श्रीराम मानस महायज्ञ के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 12 बजे तक और दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक संत श्री चिन्मयानंद जी द्वारा प्रवचन दिए जाएंगे। साथ ही, इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नगर पंचायत ने विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया है, ताकि यज्ञ के समस्त विधि-विधान को सुचारू रूप से सम्पन्न किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस आयोजन पर लगभग 30 लाख रुपये का खर्च आ सकता है, जो श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं के सहयोग से पूरा किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष छबिल साहू, अशोक साहू, प्रमोद अग्रवाल, जीवन साहू, भूखंड ताम्रकार, शेखर तिवारी, कुंदन तिवारी, दीपक अग्रवाल, नोबेल साहू सहित नगरवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। महायज्ञ के दौरान भव्य आस्था और श्रद्धा का संगम देखने को मिलेगा, जिसके प्रति नगरवासी और आस पास के क्षेत्र के लोग बेहद उत्साहित हैं।



## सामाजिक समरसता के उत्कृष्ट मूल्यों के साथ धर्म जागरण

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी देवी की पावन धरा धर्मनगरी डोंगरगढ़ में नगर की सेवाभावी संस्था सनातन जागृति सेवा संस्थान, के तत्वावधान में अयोध्या श्रीराम लला मंदिर प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगाँठ पर 201 दीप प्रज्वलित कर सामुहिक श्री हनुमान चालिसा पाठ एवं महाआरती के पश्चात प्रसादी वितरण जय स्तंभ चौंक स्थित श्री शिवराम मंदिर में किया गया जिसमें सनातन जागृति सेवा संस्थान के सभी सदस्य, सर्व हिंदू संगठन, बजरंग दल, मातृशक्ति, बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। विदित हो कि 15 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक शहर के अलग अलग वार्डों में जाकर सर्व हिन्दू संगठन के द्वारा रामधुनी प्रभातफेरी निकाली जा रही है।संगठन के मिडिया प्रभारी राजवीर कोचे, ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि राम मंदिर निर्माण ऐतिहासिक क्षण आस्था, विश्वास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के उस विराट संकल्प का साक्षी है, जो सदियों की प्रतीक्षा के बाद साकार हुआ। यह केवल एक मंदिर निर्माण का उत्सव नहीं, बल्कि सनातन आस्था, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय स्वाभिमान का उत्सव है। प्रभु श्रीराम के आदर्श—सत्य, मर्यादा, करुणा और धर्म—हमारे जीवन पथ को सदैव आलोकित करते रहें। यह शुभ अवसर समाज में सामाजिक समरसता सद्भाव, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें तथा भारत की आध्यात्मिक विरासत को विश्व पटल पर और अधिक सशक्त बनाए। सनातन जागृति सेवा संस्थान ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी के भव्य अयोध्या धाम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगाँठ की सभी रामभक्तों और नगरवासियों को बधाई दी।






प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com